बस्तर ज़िले में 4जी मोबाइल टावर का शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

हाल ही में 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' समारोह के तहत छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर ज़िले के सद्रबोडेनार गाँव में 4जी मोबाइल टावर लगाने के लिये शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- आर.के. गढ़वाल, उप महानिदेशक (अनुपालन), डीओटी, छत्तीसगढ़ ने दूरसंचार विभाग के यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) की एक परियोजना के हिस्से के रूप में 4जी मोबाइल टावर की नींव रखी।
- गौरतलब है कि दूरसंचार विभाग के यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) की परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ के 14 नक्सल प्रभावित ज़िलों में 848 करोड़ रुपए की लागत से कुल 971 टावर लगाए जाएंगे।
- 4जी सक्षम मोबाइल टावरों के चालू होने से ब्रॉडबैंड की पहुँच बढ़ेगी और कई गाँवों को कवरेज प्रदान करने तथा डिजिटल विभाजन को रोकने में मदद मिलेगी। साथ ही, इन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कवरेज वामपंथी उग्रवाद से निपटने में गेम चेंजर साबित हो सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/4g-mobile-towers-in-bastar-district